दैनिक जागरण 18/12/2022

# सामाजिक सहयोग और विद्यार्थियों के उत्थान को एमओयू साइन

**अंबाला :** इद्रीश फाउंडेशन और गांधी मेमोरियल कालेज के बीच सामाजिक सहयोग और विद्यार्थियों के उत्थान के लिए एमओयू साइन हुआ। कालेज प्राचार्य डा. वीके जैन और फाउंडेशन की संस्थापक नेहा प्रवीण ने बताया कि इस एमओयू के तहत कॉलेज अब संस्था के साथ मिलकर विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। इससे जहां संस्था के तहत पढ़ने वाले बच्चों को कालेज के माध्यम से नई चीजें सीखने का मौका मिलेगा। विद्यार्थियों को भी समाज से संबंधित जानकारी मिलेगी।